an>

Title: Need to reopen the Airport at Gopalganj in Bihar.

श्री जनक राम (गोपालगंज) : उपाध्यक्ष महोदय, सन् 1962 में भारत-चीन युद्ध में उपयोग हुआ गोपालगंज जिला का सब्या एयरपोर्ट जो रक्षा मंत्रालय के अधीन आता है, बहुत लंबे अर्से से बंद पड़ा हुआ है जिसकी ज़मीन पर भी बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हुआ है। गोपालगंज के आसपास के जिलों की जनता डोमैस्टिक एयरपोर्ट चाहती है। यहाँ पर्याप्त ज़मीन की उपलब्धता है। कुछ ही दूरी पर नेपाल का बार्डर होने के नाते सामरिक रक्षा के दÂिटकोण से भी एक एयरपोर्ट तैयार किया जा सकता है जिससे कि इस जगह को राÂट्रीय और अंतर्राÂट्रीय पहचान दिलवाकर यहाँ रोज़गार उपलब्ध कराते हुए आर्थिक गतिविधियाँ बढ़ाई जा सकती हैं और इसकी ज़मीन को अतिक्रमण से भी रोका जा सकता है। सदन के माध्यम से मैं माननीय प्रधान मंत्री जी, नागर विमानन मंत्री जी से विनती करूँगा कि भारत सरकार के संबंधित विभाग से विशेÂाज्ञों की एक टीम यहाँ भेजकर जनता की इस मांग पर शीघ्र विचार कर यहाँ पुनः निर्माण कराए जाने की रूपरेखा तैयार करने की कृपा करें।